# प्राप्त आवेदनों के निराकरण में कोताही न बरती जाए : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 5 अगस्त. मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया।**

**जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आमजनों की समस्याएं**

**शिकायतों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश**

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में गंभीरता पूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देशित संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम जामझिरी निवासी राजकुमार ने भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भैंसदेही तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम हरन्या निवासी संजय कुमार पंडोले ने रिहायशी क्षेत्र में स्थित कारखाने से हो रही परेशानी की शिकायत जनसुनवाई में की। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने आमला एसडीएम को तत्काल प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम परासिया निवासी शशि अतुलकर ने न्यायालय के आदेश अनुसार रिकार्ड दुरुस्त करने के लिए आवेदन दिया। जिस पर सीईओ श्री जैन ने मुलताई तहसीलदार को



तत्काल प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। शाहपुर निवासी श्रीराम पात्रीकर ने आवेदन के माध्यम से पेंशन दिलाए जाने की गुहार लगाई। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील निवासी अशोक टेकाम ने संशोधन पंजी में प्रविष्टि उपरांत उसे ऑनलाइन दर्ज किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बोरगांव के ग्रामीणों ने ग्राम बोरगांव से दनोरा पहुंच मार्ग की रिपेयरिंग किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने पीडब्ल्यूडी के ईई को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

### राजीव गांधी लाइन की स्वीकृति की मांग

ग्राम पंचायत मालेगांव के ग्राम बसन्या के ग्रामीणों ने हेडपंप खनन किए जाने तथा ग्राम में राजीव गांधी लाइन स्वीकृत किए जाने को लेकर जनसुनवाई में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने हेडपंप खनन के लिए पीएचई विभाग के ईई को तथा राजीव गांधी लाइन के लिए एमपीईबी के जीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील निवासी अशोक टेकाम ने संशोधन पंजी में प्रविष्टि उपरांत उसे ऑनलाइन दर्ज किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बोरगांव के ग्रामीणों ने ग्राम बोरगांव से दनोरा पहुंच मार्ग की रिपेयरिंग किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने पीडब्ल्यूडी के ईई को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

### अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायत

जनसुनवाई में प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम बिरुल बाजार निवासी बाबुराव बनकर ने ग्राम में अनावेदक द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण किए जाने की शिकायत की। जिस पर सीईओ श्री जैन ने मुलताई एसडीएम को प्रकरण की जांच कर बिना अनुमति विकास के कॉलोनी निर्माण कार्य होने पर तत्काल कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए है। बैतूल मुख्यालय के रामनगर निवासी नामदेव उबनारे ने एक ही प्लाट दो व्यक्तियों को बेचे जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने बैतूल एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## बैतूल जिले में ज्योति कलश यात्रा 1 सितंबर से

**बैतूल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ज्योति कलश यात्रा का आगमन बैतूल जिले में 1 सितंबर से हो रहा है। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ. कैलाश वर्मा एवं जिला सह-समन्वयक रविशंकर पारखे ने बताया कि यह ज्योति कलश यात्रा अखंड ज्योति एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के दिव्य अवतरण वर्ष 1926 के 100 वर्ष पूर्ण कर शताब्दी वर्ष के रूप में आ रहे 2026 की तैयारी व संदेश देने के लिए आ रही है। यह यात्रा शाहपुर तहसील में 1 से 3 सितंबर, घोड़ाडोंगरी 4 से 6 सितंबर, आमला 7 से 11 सितंबर, बैतूल 12 से 14 सितंबर, चिचोली 15 से 16 सितंबर, भीमपुर 17 से 18 सितंबर, भैंसदेही 19 से 21 सितंबर, आठनेर 22 से 24 सितंबर, प्रभात पट्टन 25 से 27 सितंबर तथा मुलताई में 28 से 30 सितंबर तक रहेगी।

### एक नजर में

## पत्रकारों के लिए मीडिया वर्कशॉप 8 अगस्त को

**बैतूल।** बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लाभ, मात्र 5 रुपये में विद्युत कनेक्शन, सोलर रूफटॉप योजना एवं बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पत्रकारों को जानकारी देने के लिए एक मीडिया वर्कशॉप 8 अगस्त को अपरान्ह 2.30 बजे कलेक्टर कार्यालय बैतूल के सभागार में आयोजित की जाएगी। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल व्रत महाप्रबंधक ने बताया कि आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य है कि मीडिया के माध्यम से उपभोक्ता हितैषी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे तथा जन-जागरूकता को बढ़ावा मिले। इस वर्कशॉप में स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम की कार्यप्रणाली, उपभोक्ताओं को होने वाले फायदे, विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपायों तथा नवीन योजनाओं की विस्तृत जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। उन्होंने आयोजित कार्यशाला में क्षेत्रीय पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## खाटू श्याम सेवा समिति ने निकाली पदयात्रा

**बैतूल।** श्री खाटू श्याम युवा सेवा समिति कोसमी बैतूल के तत्वावधान में रिंगस से खाटू श्याम सिखर राजस्थान तक 18 किमी पदयात्रा निकाली। समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 23 जनवरी को श्री श्याम सरकार मंदिर कोसमी में श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसके संकल्प के लिए बैतूल वासियों ने 5 अगस्त पुत्रदा एकादशी के दिन यह पदयात्रा निकाली। समिति सदस्यों ने बताया कि मंदिर की तैयारियां जोरों पर चल रही है और इसकों लेकर जिम्मेदारियों सौंपी है।

## पिता की स्मृति में दान दिया शव फ्रीजर

**बैतूल।** सेवा कार्यो से अपने बुजुर्गों की स्मृति को चिर स्थाई बनाया जा सकता है। ऐसा ही कार्य टेगौर वार्ड निवासी अभय, अजय और संजय राठोर ने अपने पिता शंभू लाल जी राठौर की पुण्यतिथि पर गुरूद्वारा गुरूसिंघ सभा बैतूल को शव फिजर भेंट कर किया है। राठौर बंधुओं के पिता का स्वर्गवास 15 जुलाई को उनका निधन हो गया था। गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष सरबजीत सिंघ ने बताया कि यह बहुत ही उपयोगी उपकरण है और इससे शव को सुरक्षित रखा जा सकता है।

# रेत, मुरूम का अवैध परिवहन करते 2 डंपर और 3 ट्रैक्टर जप्त

**बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

**पुलिस थाने में खड़े करवाए वाहन**

**वाहन मालिकों और चालकों पर प्रकरण दर्ज**

अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 5 अगस्त



को मुलताई तहसील अंतर्गत वाहन डंपर क्रमांक एमएच 49 एटी 6006 को खनिज मुरूम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस चौकी प्रभात पट्टन की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। इसी प्रकार निरीक्षण के दौरान 2 अगस्त को तहसील बैतूल, चिचोली व आठनेर क्षेत्र में डंपर क्रमांक एमपी 48 एच 3569, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडबी 8095, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 ए 5552 एवं ट्रैक्टर-ट्राली बिना नंबर को गौण खनिजों के अवैध परिवहन एवं ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। उक्त वाहनों के वाहन चालकों, वाहन मालिकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर मध्य प्रदेश अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सतत निगरानी रखते हुए प्रभावी कार्यवाही की जा रही है और यह कार्रवाही आगामी दिनों भी जारी रहेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिला युवक का शव

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम हेटी में सोमवार को 22 वर्षीय मनोज पंवार का शव खेत के कुएं में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला ।इसके पहले करीब सात माह पूर्व मनोज के बड़े भाई का शव गांव में एक घर के छत की छड़ों से रस्सी से लटका हुआ मिला था। नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को थाना पहुंचकर मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है ।ग्रामीणों ने कहा कि एक ही परिवार के दो बेटों की मौत कोई सामान्य घटना नहीं हो सकती। इसके पहले ग्रामीण जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार से मिले एवं घटना की जानकारी दी।



राजा पवार ने ग्रामीणों की बात सुनने के बाद तुरंत पुलिस अधीक्षक बैतूल से फोन पर चर्चा की और मृतक परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया ।बताया जाता है मृतक मनोज पिता हेमराज पंवार हैदराबाद की एक निजी कंपनी में कार्य करता था, जो कि छुट्टी लेकर गांव आया था। सोमवार सुबह वह खेत की ओर गया था। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा तलाश करने पर मनोज का शव खेत के कुएं में पड़ा मिला। ग्रामीणों द्वारा संदिग्ध मौत बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित हुई महाप्रसादी भंडारा कार्यक्रम

**भैंसदेही।** भैंसदेही सावन मास के चौथे एवं अंतिम सोमवार पूर्णा की नगरी के शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। शिव भक्तों ने शिवालय पहुंचकर जल, पंचामृत और दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया। वहीं मुक्तकंठ से जयकारे लगाये। जिससे शहर के समस्त शिवालय जयकारों से गुंजायमान हो उठे। सुबह से शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा मंदिरों में महाआरती का आयोजन किया गया। सावन के अंतिम सोमवार प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया। यह प्रसादी विकास आर्य भैसदेही, अनिल सराटकर पोखरनी और सुभाष बनखेड़े काजली बिसनुर की ओर से आयोजित किया गया था। जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसादी स्वरूप खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की और मंदिर में आयोजित भंडारे की प्रसादी ग्रहण की। बता दे कि सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए बेहद शुभ माना जाता है।

# उप सरपंच पर मस्टररोल द्वारा गबन का आरोप

**चोपना। ग्राम पचायत चोपना के उप सरपंच पर उनके कार्यकाल में मस्टररोल के माध्यम से लाखो के गबन का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत जिला कलेक्टर से जनसुनवाई में की है।**

शिकायतकर्ता अशोक राय ने बताया कि उप सरपंच किशोर विश्वास का बड़ा पुत्र मनीष बाहर किसी प्राइमरी कम्पनी में कार्यरत है। फिर भी उनके नाम पर निरंतर मस्टररोल में हाजरी भरकर पैसे का गबन किया जा रहा है। उप सरपंच किशोर विश्वास के परिवार के जितने भी सदस्य है, सभी के नाम पर मस्टर रोल में दर्ज है और उनके नाम से राशि निकाली जा रही है। वहीं उपसरपंच के नाती के नाम अंश मटेरियल सप्लायरर्स पर बिल लगाकर पैसा निकाले जाते है। इनके पास ना तो किसी

**जनसुनवाई में की कलेक्टर से शिकायत, जांच की मांग**

**परिजनों के नाम से राशि निकालने का आरोप**

प्रकार का सामान रेट, गटटी सेन्टीग का सामान उपलब्ध नही है। फिर भी अंश मटेरियल के नाम से रेत गिटटी का वर्तमान में भी बिल लगाकर पैसा का गबन किया जा रहा है। यह सरपंच सचिव के मिली भगत में किया जाता है। ग्राम पचायत चोपना नंबर 1 मे विस्थापित परिवार है। ग्राम पंचायत के ग्राम सभा में इनका नाम दर्ज हैं, परन्तु कृष्ण मंडल के खेत के पास किसी प्रकार का स्टाप डेम का निर्माण नही किया गया है। इस स्टाम्प डेम की मजदूरी का भुगतान, किसी मजदूर के नाम से नहीं, अपितु स्वंय ग्राम पंचायत चोपना के भूतपूर्व सचिव एवं सरपंच के मिलीभगत से सचिव के नाम पर बिल द्वारा 1.65 लाख का गबन किया गया है। इसके अलावा उप सरपंच द्वारा पंचायत की राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने उक्त मामलों की जांच कर कार्रवाही किये जाने की मांग की है।

# रेलवे ओवरब्रिज के कार्य के लिए गुरुवार 5 घंटे बंद रहेगी बिजली

**मुलताई। रेलवे स्टेशन के पास निर्मानाधीन ओवर ब्रिज के कार्य के लिए सेन्ट्रल रेलवे द्वारा गुरूवार 7 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली बंद रखी जायेगी।**

दरसअल इस दौरान 33 केव्ही मुलताई, 33 केव्ही इंडस्ट्रियल, 33 केव्ही प्रभात पटट्न, 33 केव्ही रायआमला एवं 33 केव्ही मोही फीडर पर ट्रेक्शन कासिंग के लिए कुल 5 घण्टे विद्युत प्रवाह बंद किया जाना है। जिससे सम्पूर्ण मुलताई शहर, प्रभात पटट्न, नरखेड़, तिवरखेड़, चौथिया, जामगांव, सोनोली, खरसाली, गौनापुर, ईसापुर, वण्डली, गोपाल तलाई, गौला, रायआमला वितरण केन्द्र अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम जैसे रायआमला आष्टा, अमरावती घाट, बलेगॉव, ताईखेड़ा, बघोड़ा, हिड़ली, सावंगी, दातोरा, हिवरखेड़, बिरूलबाजार, धाबला,सांडिया, बिहरगाव, जौलखेड़ा वितरण केन्द्र अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम मोही, हेटीखापा, भिलाई, सेमझिरा, पाथाखेड़ा, आमाबघोली, एनस, जूनापानी, नगरकोट, उभारिया सहित अन्य ग्रामों में बिजली की आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# प्लांट ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया सम्मान

**सारनी।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह से अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर जुलाई माह में सेवानिवृत्त हुए सात कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अभियंता व्ही. के. कैथवार, मुख्य रसायनज्ञ पीयूष गुप्ता, अधीक्षण अभियंता (सिविल) डी. पी. मिश्रा एवं यू. पी. एस. सिकरवार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल एवं मिष्ठान देकर सम्मान किया और सामूहिक फोटो भी भेंट की। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सामूहिक फोटो भेंट करने की परंपरा वर्तमान मुख्य अभियंता व्ही.



के. कैथवार द्वारा प्रारंभ की गई है, जो अब एक प्रेरणास्पद पहल बन चुकी है। इस अवसर पर साहेबराव देशमुख, हिम्मत भुजाड़े, रविशंकर बारस्कर, श्रवण आठनेरे, किशनलाल चौकीकर, सुखदेव पाटनकर एवं विनोद पेशवानी, जो कि स्व सुरक्षा निधि समिति के सक्रिय सदस्य रहे हैं, को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अभियंता कैथवार ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बाबा मठारदेव की कृपा सदैव सभी पर बनी रहे।

# जिले में गौवंश और मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध

**बैतूल।** बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(5) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले की समस्त राजस्व सीमा में गौवंश और मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इस आदेश का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सड़क व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखना है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार पशुपालक गोवंश, मवेशियों को अपने घर में बांधकर रखें। कोई भी पशुपालक यदि जानबूझकर या लापरवाहीपूर्वक अपने गौवंश या मवेशियों को सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर छोड़ता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आदेश में ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे राजमार्गों और मुख्य सड़कों के आसपास स्थित गांवों में मुनादी कराकर जनता को जागरूक करें। साथ ही स्थानीय स्तर पर कर्मचारियों या वॉलेंटियर्स की नियुक्ति कर सड़कों पर मवेशियों के विचरण पर नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति बीमार, रोगग्रस्त या विकलांग गौवंश या मवेशियों को सड़कों पर नहीं छोड़ेगा। यदि किसी परिस्थिति में ऐसा करना आवश्यक हो, तो स्थानीय निकाय से संपर्क कर उन्हें नजदीकी गौशाला में सौंपा जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना जैसे विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी-अपनी सड़कों पर गौवंशों का प्रवेश रोकने के लिए सतत पेट्रोलिंग करें और जरूरत पड़ने पर घायल पशुओं के इलाज के लिए पशु चिकित्सालय से संपर्क तथा मृत पशुओं के निस्तारण की व्यवस्था करें। यदि किसी को सड़क पर मृत या घायल पशु दिखे या अव्यवस्था नजर आए तो वह जिला कंट्रोल रूम, राष्ट्रीय राजमार्ग आपातकालीन सेवा, चलित पशु चिकित्सा इकाई टोल फ्री नंबर पर सूचना दे सकेंगे।

**कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश किया जारी**

**उल्लंघन करने पर होगी दंडात्मक कार्वाही**

# नि :शुल्क तुलजाई कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ

**भैंसदेही।** छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समाजसेवियों द्वारा तुलजाई कोचिंग क्लासेस की शुरूआत की है। अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना करने के बाद रिबन काटकर कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मार्गदर्शक नारायण घानेकर, बीआरसी सुखदेव धोटे, अधिवक्ता राजेश सराटकर, कुन्बी समाज पूर्व अध्यक्ष मनीष नावंगे, रिटायर्ड शिक्षक बाबूलाल राठौर, दिनेश मस्की, निखिल देशमुख, धीरज देशमुख, दिनेश कोसे, कमलेश कावड़कर, शिक्षक कमलेश घोड़की, प्रवीण धोटे, शिवानी धोटे, महेन्द्र नावंगे, सतीश सोनी, अंकित राजुकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक बाबूलाल राठौर ने कहा कि निःशुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ शिक्षा के क्षेत्र के लिए एक अच्छी पहल है। कोचिंग क्लास से बच्चों को स्कूल के साथ-साथ अतिरिक्त पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। खासकर ऐसे बच्चे जो कोचिंग क्लास नहीं ले पाते है, उनके लिए यह सुनहरा अवसर रहेगा। बीआरसी सुखदेव धोटे ने कहा कि निशुल्क कोचिंग क्लास से बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार आयेगा। बच्चे अधिक मेहनत करेंगे और पढ़ाई के प्रति उनका रूझान बढ़ेगा। इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में अधिकांश बच्चों को सहीं मार्गदर्शन और पढ़ाई का सही तरीका सीखने को मिलेगा।

# गौवंश का किया जाए अंतिम संस्कार, ज्ञापन सौंपा

**मुलताई।** नगरपालिका द्वारा सोमवार को गौशाला में मृत गाय को लाकर कचरा खंती में फेक दिया था। जिससे नगर के हिन्दू संगठनों की भावनाए आहत हुई है। इस कृत्य पर विरोध प्रकट करते हुए बजरंगदल ने मंगलवार को जनपद पंचायत में आयोजित जनसुनवाई में एसडीएम को सम्बोधित ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में बताया माँ ताप्ती की पवित्र नगरी मुलतापी में गौशाला में गाय की मृत्यु उपरातं नगर पालिका द्वारा मृत गाय को कचरा खंती में फेका गया ।जो एक निंदनीय कृत्य है। पूर्व में भी इसी प्रकार नगरीय प्रशासन द्वारा इस प्रकार की घटनाए घटित की गई हैं,हिन्दू संगठनों द्वारा कई बार इन घटनाओं का विरोध किया व कई बार शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया ।लेकिन नगर पालिका द्वारा फिर एक बार अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाया गया ।नगरपालिका के इस कृत्य से हमारी धार्मिक भावनाए आहत हैं। इस घटना के पीछे जो कोई भी हो उसे उचित दंड दे कर प्रशासन द्वारा गौ समाधि के लिए उचित व्यवस्था कर ससम्मान गौ वंश का अंतिम संस्कार किया जाए ।ज्ञापन में चेतावनी देते हुए बताया पूर्व में कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं यह अंतिम चेतावनी है इसके बाद इस प्रकार के कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएगे। भविष्य में इस प्रकार के कृत्य सामने आते हैं तो बजरंग दल द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालो में बजरंग दल के जिला संयोजक ऋषि साहू, सुशील,दीपक उपस्थित रहे।

# 1 से 15 अगस्त तक चलेगा आयुर्वेदिक पखवाड़ा

**बैतूल। महिला पतंजलि जिला योग समिति बैतूल द्वारा आयुर्वेदिक पखवाड़े के तहत 1 अगस्त से 15 अगस्त तक जिलेभर में औषधीय पौधों का रोपण कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।**

यह अभियान आचार्य शिरोमणि बालकृष्ण जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से समाज में आयुर्वेदिक चिकित्सा और जड़ी-बूटियों के महत्व की जानकारी दी जा रही है। जिला समिति योगपीठ की प्रमुख संगीता अवस्थी ने बताया कि यह पखवाड़ा अभियान जिले के प्रत्येक कोने में सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। महिला साधिकाएं गली-गली, घर-घर और स्कूलों में पहुंचकर जड़ी-





बूटियों की पहचान, उपयोग और लाभ के बारे में जानकारी दे रही हैं। इस दौरान लक्ष्मी तरु, गिलोय, एलोवेरा, कडू नीम, मीठा नीम, कंद, हथजोड़ी, तुलसी, हल्दी और अदरक जैसे बहुपयोगी आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया जा रहा है। साथ ही, इन पौधों के औषधीय गुणों के बारे में लोगों को बताया जा रहा है, ताकि वे अपनी दिनचर्या में इन्हें अपनाकर स्वास्थ्य लाभ ले सकें। संगीता अवस्थी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आयुर्वेद के प्रति जागरूक कर एक स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को भी इस मुहिम से जोड़ा गया है, ताकि आयुर्वेद की समझ बचपन से ही विकसित हो सके।